ऐतिहासिक-पौराणिक स्थलों के दर्शन को रवाना

माई सिटी रिपोर्टर

कानपुर। छात्र-छात्राओं को शहर के ऐतिहासिक, पौराणिक, धार्मिक, सांस्कृतिक स्थलों के दर्शन कराने और जानकारी देने के उद्देश्य से रविवार को कानपुर दर्शन यात्रा शुरू की गई। इसके तहत चार ट्रिप में छात्र-छात्राओं को सैर कराई गई।

नगर निगम और कानपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में सर पदमपत सिंहानिया एजूकेशन सेंटर में महापौर प्रमिला पांडेय और विधायक नीलिमा कटियार ने बस को झंडी दिखाकर रवाना किया। महापौर ने कहा कि जेके मंदिर में विराजमान द्वारिकाधीश जी की छत्रछाया में शहर फल-फूल रहा है।

वहीं, ग्रीन पार्क में सांसद सत्यदेव पचौरी ने दूसरी बस को झंडी दिखाकर रवाना किया। पर्यटन विकास एवं प्रोत्साहन समिति के समन्वयक डॉ. सुधांशु राय ने बताया इस पहल का उद्देश्य शहर में पर्यटन को बढ़ावा देना है ताकि अन्य लोग कानपुर के बारे में जान सकें।

ग्रीनपार्क से बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते सांसद सत्यदेव पचौरी व अन्य। संवाद

ये लोग रहे मौजूद : कार्यक्रमों में नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन, अपर नगर आयुक्त प्रथम प्रतिपाल सिंह, अपर नगर आयुक्त द्वितीय जगदीश यादव, संतोष यादव, संयुक्त आयुक्त उद्योग सुनील कुमार, उपनिदेशक पर्यटन डॉ. कल्याण सिंह, पर्यटक अधिकारी अर्जित ओझा, उपनिदेशक खेल आरएन सिंह, सर पदमपत सिंघानिया एजूकेशन सेंटर की चेयरपर्सन मनोरमा गोविंद हरि सिंहानिया, वाइस चेयरमैन अभिषेक सिंहानिया, वाइस चेयरपर्सन वर्षा सिंहानिया, वाइस चेयरमैन व डायरेक्टर पार्थो पी, जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार, कानपुर सिटी बस प्रभारी डीवी सिंह, अर्थ फाउंडेशन की संस्थापक शैफाली राज, सीएसजेएमयू के छात्र गाइड के रूप में शामिल रहे।